दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 06 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नए जीएसटी सुधारों की सराहना की। कहा – इससे खपत बढ़ेगी और पूंजीगत व्यय पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

02. गयाजी में आज से शुरू होगा विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला। इक्कीस सितम्बर तक दुनियाभर के श्रद्धालु करेंगे अपने पितरों का तर्पण।

03. एनआईए ने अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी और खालिस्तान समर्थक आतंकी सरनजीत कुमार को गया के शेरघाटी से गिरफ्तार किया।

04. और, राजगीर में खेले जा रहे पुरुष एशिया कप हॉकी के सुपर फ़ोर में आज भारत का मुकाबला चीन से। शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा मैच।

---

केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि वस्तु और सेवा कर – जीएसटी की नई व्यवस्था से नागरिकों के उपभोग में सुधार होगा और इससे पूंजीगत व्यय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। एक निजी समाचार चैनल से बातचीत में सुश्री सीतारामन ने कहा कि निन्यानवे प्रतिशत वस्तुओं और सेवाओं पर अब या तो शून्य या पांच से अठारह प्रतिशत तक का जीएसटी लगेगा। उन्होंने कहा कि पहली बार केन्द्र सरकार ने जीएसटी पर क्षतिपूर्ति मुआवजा और समग्र प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोलियम और एल्कोहल उत्पाद जीएसटी के दायरे से बाहर होंगे। वित्तमंत्री ने बताया कि सरकार उन निर्यातकों की सहायता का प्रयास कर रही है, जिन पर पचास प्रतिशत अमरीकी आयात शुल्क का प्रभाव पड़ा है। निर्मला सीतारामन ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य न केवल सभी वस्तुओं का देश में उत्पादन करना है बल्कि अनिश्चित वैश्विक व्यापार नीतियों का आत्म सम्मान के साथ सामना करना है।

---

केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड – सीबीआईसी के अध्यक्ष संजय कुमार अग्रवाल ने अगली पीढी के जीएसटी सुधारों को साहसी बताया है। श्री अग्रवाल ने आकाशवाणी सामाचार के साथ बातचीत में कहा कि बीएससी सुधारों से निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

–––बाईट–––

श्री अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी में कटौती से आम लोगों को बहुत फायदा मिलेगा और छोटे उद्योग को भी विकसित होने का मौका प्राप्त होगा।

———बाईट———

———————————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि इस कदम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फिर साबित किया है कि वह जो कहते हैं, वो करते हैं। श्री सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से दिवाली तक जीएसटी में अगली पीढ़ी के कर सुधारों की जो घोषणा की थी, उसे नवरात्रि के पहले दिन से ही लागू किया जा रहा है। श्री सिन्हा ने कहा कि आयकर के साथ जीएसटी के युक्तिकरण से अर्थव्यवस्था पर बेहद सकारात्मक और दूरगामी प्रभाव दिखेगा।

———————————————————————————

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का शुभारंभ आज मोक्ष की नगरी गयाजी में होगा। मेले का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिंहा तथा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह सहित राज्य सरकार के कई मंत्री उपस्थित रहेंगे। गया के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने बताया कि पितृपक्ष मेला इक्कीस सितंबर तक चलेगा। इस मेले में दुनियाभर से लाखों श्रद्धालु आकर अपने पितरों का पिंडदान करते हैं। उन्होंने बताय कि पितृपक्ष मेला के दौरान विधि व्यवस्था, यातायात व्यवस्था के साथ नागरिक सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। पूरे मेला क्षेत्र को सत्रह सुपर ज़ोन में बांटकर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किये गए हैं। इधर, पटना स्थित पुनपुन में भी आज से अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेले की शुरूआत हो रही है। गया में पिंडदान से पहले श्रद्धालु पुनपुन नदी किनारे अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण करते हैं।

———————————————————————————

पितृपक्ष मेले में शामिल होने के वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुये रेलवे ने पुनपुन घाट हॉल्ट और अनुग्रह नारायण स्नान घाट पर सोलह जोड़ी ट्रेनों को दो–दो मिनट का अस्थाई ठहराव दिया है। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि यह ठहराव आज से इक्कीस सितम्बर तक प्रभावी रहेगा।

———————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजनीति में भाषा के गिरते स्तर पर चिंता जताई है। उत्तर प्रदेश के बागपत में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि मर्यादाओं का सम्मान नहीं करने वाले लोगों को जनता सबक सिखायेगी।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया कल से शुरू होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस संबंध में कल ही एक दिशा–निर्देशिका जारी करेंगे, जिसमें आवेदन की प्रक्रिया और उससे जुड़ी अन्य जानकारी दी जायेगी। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक परिवार की एक महिला को रोजगार शुरू करने के लिए आर्थिक मदद करना है। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए पहली किस्त के रूप में दस हजार रूपये का भुगतान इसी महीने किया जायेगा।

---

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए की टीम ने गया पुलिस की मदद से शेरघाटी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव से अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले के मुख्य आरोपी और आतंकी सरनजीत कुमार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया है। शेरघाटी के एएसपी शैलेन्द्र ने बताया कि खालिस्तान समर्थक आतंकी हरियाणा का रहने वाला है।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के मौके पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में चयनित पैंतालीस शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विकास में महिलाओं की अग्रणी भूमिका सुनिश्चित करने के लिए बालिकाओं के लिए सर्वोत्तम शिक्षा के महत्व पर बल दिया। श्रीमती मुर्मू ने हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के लिए बालिकाओं की संख्या बढ़ने पर प्रसन्नता जताई।

–––बाइट–––

बालिकाओं की शिक्षा पर सर्वाधिक महत्व दिया जाना चाहिए। बेटियों की शिक्षा में निवेश करके हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में अमूल्य निवेश करते हैं। आधुनिक भारत में स्त्री शिक्षा की आधारशिला रखने वाली सावित्री बाई फुले जी की स्मृति में मैं उनको सादर नमन करती हूं।

इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में तीन बिहार के हैं। किशनगंज के सुहागी प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका कुमारी निधि ने हमारा विद्यालय–हमारी जिम्मेदारी अभियान चलाकर स्कूल को समुदाय से जोड़ा। सुपौल के ललित नारायण लक्ष्मी नारायण प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय के शिक्षक दिलीप कुमार ने नवाचारपूर्ण शिक्षा और अटल टिंकरिंग लैब के माध्यम से छात्राओं को नई उपलब्धियां दिलाई। सैनिक स्कूल नालंदा के डॉक्टर प्रमोद कुमार का अट्ठाईस वर्षों की सेवा के दौरान जीवविज्ञान में शत–प्रतिशत परिणाम और छात्रों के सर्वांगीण मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इधर, शिक्षक दिवस के अवसर पर पटना में राज्य शिक्षक

पुरस्कार से बहत्तर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित समारोह में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के चौथे चरण के तहत छब्बीस हज़ार शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

---

राजगीर अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जा रहे पुरुष एशिया कप हॉकी के सुपर फ़ोर चरण के मैच में आज भारत का मुकाबला चीन से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। एक जीत और एक ड्रॉ के साथ भारतीय टीम चार अंक लेकर अंक तालिका में शीर्ष पर है। प्रतियोगिता में अब तक अपराजित भारतीय टीम इस बार एशिया कप खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। इससे पहले भारतीय टीम ने सुपर फ़ोर चरण के मैच में मलेशिया को चार–एक से हराया था। एक अन्य मैच में आज कोरिया का सामना मलेशिया से होगा। मैच शाम पांच बजे से खेला जायेगा। वहीं, टूर्नामेंट में पांचवें से आठवें स्थान के लिए मैच में चीनी ताइपे का सामना आज दोपहर कज़ाकिस्तान से होगा।

---

राजगीर स्थित बिहार राज्य खेल अकादमी को एशियाई हॉकी संघ और अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ मान्यता प्रदान करेगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रवींद्रन शंकरण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ के अध्यक्ष तैयब इकराम ने स्पोर्ट्स कॉनक्लेव के दौरान इसकी घोषणा की।

---

प्रदेश में मॉनसून के कमजोर पड़ने से बारिश की गतिविधियों में कमी आई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के मसौढ़ी में सबसे अधिक चौबीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि आज सुपौल, अररिया, किशगनंज और पूर्णिया समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है।

———बाइट———

---

गया स्थित ऑफिसर ट्रेनिंग अकादमी, ओटीए में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। पासिंग आउट परेड की सलामी मुख्य अतिथि भारतीय सेना के सेंट्रल कमांड के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने ली। इस परेड में दो सौ सात कैडेट्स भारतीय सेना में अधिकारी बनें। इनमें तेईस महिला और एक सौ चौरासी पुरुष कैडेट्स शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को

ओटीए कमांडेंट सुकृति सिंह दहिया द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देश सेवा के लिए अपने बेटे–बेटियों को समर्पित करने वाले अभिभावकों को सम्मानित किया गया। यह परंपरा भारत सरकार के निर्देश पर शुरू की गई है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन के बयान पर लिखा है– जीएसटी राहत के बाद दामों पर नजर रखेगी सरकार।

दैनिक जागरण ने केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट पर उठे विवाद पर लिखा है– बीड़ी और बिहार को जोड़ने पर मचा सियासी घमासान।

दैनिक भास्कर कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान पर लिखता है– कुछ दिनों में चुनाव, घर–घर जाकर विकास की जानकारी दें।

प्रभात खबर ने एससीओ की बैठक में भारत–चीन और रूस के बीच प्रगाढ़ होते रिश्तों पर अमेरिका की बेचैनी पर लिखा है– ट्रंप बोले, लगता है हमने भारत को खो दिया है, भारत बोला–नो कमेंट।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने नए जीएसटी सुधारों की सराहना की। कहा – इससे खपत बढ़ेगी और पूंजीगत व्यय पर प्रभाव नहीं पड़ेगा।

02. गयाजी में आज से शुरू होगा विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला। इक्कीस सितम्बर तक दुनियाभर के श्रद्धालु करेंगे अपने पितरों का तर्पण।

03. एनआईए ने अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले का मुख्य आरोपी और खालिस्तान समर्थक आतंकी सरनजीत कुमार को गया के शेरघाटी से गिरफ्तार किया।

04. और, राजगीर में खेले जा रहे पुरुष एशिया कप हॉकी के सुपर फ़ोर में आज भारत का मुकाबला चीन से। शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा मैच।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।